मोनेट स्कूल के विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप

रायपुर. मोनेट फाउंडेशन ने मोनेट डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के साथ ही प्रतिभावान गरीब छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की सुविधा शुरू की है. इसी घोषणा मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड के चेयरमेन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप जाजोदिया ने की. उन्होंने स्कूल के कक्षा एक से नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के प्रावीण्य प्राप्त विद्यार्थियों की सूची घोषित की. इस मौके घोषणा की गई कि दसवीं सीजीपीए में 9.5 अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल फीस में छूट प्रदान की जाएगी. स्कूल के तीन विद्यार्थियों भूषण ठाकरे, पंकज सिंग एवं पार्वती कारके ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया 10 में 10 सीजीपीए स्कोर किया. मोनेट फाउंडेशन द्वारा गरीब वर्ग के

प्रतिभावान विद्यार्थियों को 9.5 अथवा उससे अधिक स्कोर करने पर उच्च शिक्षा इंजीनियरिंग अथवा मेडिकल की पढ़ाई में मदद की जाएगी. दूसरी ओर, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पदक जीतने वाले स्कूल के खिलाड़ियों को भी स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई. इसमें स्वर्ण, रजत व कांस्य जीतने पर प्रतिमाह क्रमशः 1 हजार रूपए, 750 एवं 500 रूपए प्रदान किए जाएंगे. गौरतलब है कि अन्नू राना एवं रूबी यादव ने राष्ट्रीय सब जूनियर बॉक्सिंग स्पर्धा में स्वर्ण तथा संजय यादव, शुभम हांडा एवं सौरभ सिंग ने राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था.